त्रिपुरा और मध्य प्रदेश हेतु विद्युत परियोजनाएं

4694. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)त्रिपुरा और मध्य प्रदेश राज्यों के लिए सरकार की विभिन्न योजनाएं कौन-कौन सी हैं;

(ख)सरकार और मध्य निजी क्षेत्र की साझेदारी से किन-किन योजनाओं को कार्यान्वित किया गया;

(ग)गत एक वर्ष के दौरान विभिन्न योजनाओं के माध्यम से त्रिपुरा में कुल कितने मेगावाट विद्युत का उत्पादन किया गया;

(घ)गत तीन वर्षों के दौरान इन योजनाओं के लिए वर्ष-वार और योजना –वार कितनी राशि स्वीकृत की गई तथा कितनी राशि व्यय की गई;

(ड.)उक्त अवधि के दौरान सरकार द्वारा विद्युत पर कितना राजस्व शुल्क अर्जित केया गया; और

(च)कितनी योजनाओं को स्थगित किया गया तथा इसके क्या कारण थे?

विद्युत मंत्री (**री रंगराजन कुमारमंगलम**) : (क) और (घ) उपलब्ध सूचना के अनुसार, नौवीं योजना के दौरान जिन विद्युत उत्पादन स्कीमों से लाभ प्राप्त होने की संभावना हैं, उनका ब्यौरा निम्नवत हैं:-

स्कीम	बजट परिव्यय (करोड़ रूपये में)				व्यय 6करोड़ रूपये में)	
	1995-96	1996-97	1997-98	1995-96	1996-97	1997-98
मध्य प्रदेश						
I. संजय गांधी टीपीएस यूनिट 3व4 (2x210 मे0वा0	90	90	50.40	79.15	90.85	102.00
II. राजघाट जल विद्युत परियोजना (3x15 मे0वा0	44.00	13.86	5.68	24.32	12.69	8.46
)						
III. बापसागर टोन्स एचईपी (110 मे0व	41.00	305.00	42.00	32.13	58.77	61.80
IV. विन्ध्सचल चरण-2 यूनिट-7 व 8 केन्द्रीय क्षेत्र (एनटीपीसी) (2x500 मे0वा0)	135.00	327.33	452.33	141.73	331.49	561.00
त्रिपुरा						
I. अगरतला जीटीकेन्द्रीय क्षेत्र नीपको (4x21मे021 मे0वा0)	150.00	77.11	73.28	141.47	39..89	54.47

त्रिपुरा सरकार ने नौवी योजना के दौरान नई स्कीमों नामश: बारामूरा गैस विस्तार (21 मे0वा0), रोखिया गैस विस्तार (21 मे0वा0) और रामभद्र एसएचपी (1मे0वा0) परियोजनाओं को आरंम्भ करने का प्रस्ताव रखा हैं।

(ख)निजी क्षेत्र के साथ मध्य प्रदेश / त्रिपुरा सरकार के मध्य भागीदारी के जरिए किसी भी स्कीम को क्रियान्वित नहीं किया गया हैं और न ही कोई स्कीम क्रियान्वयनाधीन हैं।

(ग)1997-98 के दौरान त्रिपुरा में विद्यमान उत्पादन केन्द्रों से उत्पादित कुल विद्युत 302 मे0वा0 हैं।

(घ)मध्य प्रदेश सरकार विद्युत शुल्क लगाती हें। 1994-95, 1995-96 और 1996-97 के दौरान एकमित्र राशि क्रमश: 191.14 करोड़ रूपये, 257.71 करोड़ रूपये तथा 329.41 करोड़ हैं।

(ड.)मध्य प्रदेश तथा त्रिपुरा में किसी भी अनुमोदित स्कीम को स्थगित नहीं किया गया हैं।